479. अंग्रेजों से सन्धि करने वाला राजस्थान का प्रथम राज्य कौन सा था?

(a) अलवर (b) भरतपुर
(c) कोटा (d) बूंदी

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

480. 1803 में अंग्रेजों के साथ संधि करने वाले अलवर राज्य के शासक का नाम बताइये-

(a) प्रतापसिंह (b) बख्तावरसिंह
(c) रणजीतसिंह (d) जयसिंह

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या

481. राजपुताना एजेन्सी की स्थापना.....में .....हुई थी-

(a) 1835 नागौर (b) 1830 जोधपुर
(c) 1829 जयपुर (d) 1832 अजमेर

ए ग्रे हू रे अ- 13.11.2016

Ans. (d) – 1832 ई. में लार्ड विलियम बैन्टिक ने राजपुताने में दिल्ली के नियंत्रण से मुक्त एक पृथक रेजीडेंसी 'राजपुताना एजेंसी' की स्थापना की तथा इसमें 'एजेंट टू दी गवर्नर जनरल फॉर राजपूताना' (एजी जी) नामक पद बनाया गया। इसका मुख्यालय अजमेर में रखा गया। इस नई व्यवस्था के तहत राजाओं से कहा गया कि वे अपने वकीलों की नियुक्ति करें जो अजमेर में रहकर एजीजी के सम्पर्क में रहे ताकि एजीजी उन्हें राज्य के संबंध में दिशा निर्देश दे सकें।

482. क्रांतिकारी, जो उस दल का सदस्य था, जिसने लॉर्ड हॉर्डिंग की हत्या का प्रयास किया:

(a) जोरावर सिंह (b) केसरी सिंह
(c) गोपाल सिंह (d) विजय सिंह

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (a) : केसरी सिंह बारहठ के छोटे भाई जोरावर सिंह 23 दिसम्बर 1912 को दिल्ली में एक जुलुस के दौरान लार्ड हार्डिंग्स पर बम फेंकने वाले दल में शामिल थे। जब हार्डिंग्स जुलूस चाँदनी चौक से आगे बढ़ रहा था।

483. अफीम से संबंधित रॉयल कमीशन निम्न में से किस वर्ष में राजस्थान आया था?

(a) 1816 (b) 1893
(c) 1856 (d) 1888

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)

Ans. (b) – अफीम व्यापार पर रिपोर्ट देने के लिए 1893 में ब्रिटिश उदारवादी प्रधानमंत्री ग्लैडस्टन ने ब्रिटिश रॉयल कमीशन का गठन किया। अफीम पर गठित रॉयल कमेटी ने अपनी रिर्पोट 1895 में सरकार को सौप दी।

484. ब्रिटिश काल के दौरान राजस्थान में खरड़ा क्या था?

(a) राज्य की सेना जब किसी गाँव के पास पड़ाव डालती तो उसके भोजन के लिए गाँव के लोगों से वसूल किया जाने वाला धन।
(b) गढ़ के निर्माण व मरम्मत हेतु दो रुपए प्रति घर से वसूले जाते थे।
(c) श्रमजीवी जातियों से वसूली जाने वाली राशि।
(d) इनमें से कोई नहीं

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (c) – ब्रिटिश काल के दौरान राजस्थान में खरड़ा श्रमजीवी जातियों से वसूली जाने वाली राशि थी। इस काल में भूमि को दो मुख्य समूहों में बांटा गया था- खालसा भूमि तथा जागीर भूमि। खालसा भूमि राज्य के प्रत्यक्ष प्रबंधन के अधीन होता था जबकि जागीर भूमि अनुदान प्राप्ताकर्ताओं द्वारा धारित भूमि होती थी।

485. अंग्रेजों ने मांगरोल के युद्ध (1821ई.) में कोटा महाराजा के विरुद्ध किसकी सहायता की थी-

(a) बलवन्त सिंह (b) बन्ने सिंह
(c) जालिम सिंह (d) शम्भू सिंह

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (c) – सन् 1821 में लड़े गए मांगरोला के युद्ध में अंग्रेजों ने जालिम सिंह का साथ दिया था। इस युद्ध में कोटा नरेश महाराव किशोर सिंह को जालिम सिंह ने परास्त कर दिया था।

486. किस वर्ष में सांभर झील के नमक पर ब्रिटिश एकाधिकार स्थापित हुआ था?

(a) 1818 A.D. (ई.) (b) 1869 A.D. (ई.)
(c) 1867 A.D. (ई.) (d) 1817 A.D. (ई.)

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (b) – 1869 ई. में सांभर झील पर अंग्रेजों का एकाधिकार स्थापित हुआ था।

487. राजस्थान की कौनसी देशी रियासत ने ब्रिटिश सरकार के साथ सबसे अन्त में प्रत्यर्पणा सन्धि की?

(a) सिरोही (b) कोटा
(c) जैसलमेर (d) भरतपुर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (a) – प्रश्नानुसार सिरोही देशी रियासत ने ब्रिटिश सरकार के साथ सबसे अन्त में प्रत्यर्पण संधि (1823) की। उस समय सिरोही के शासक महाराजा शिव सिंह थे। कोटा रियासत 1817 में जैसलमेर रियासत 1819 में एवं भरतपुर रियासत 1803 में प्रत्यर्पण संधि की।

488. वाल्टर ने राजपूत हितकारिणी सभा की स्थापना कहाँ की-

(a) उदयपुर (b) कोटा
(c) अजमेर (d) जयपुर

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (c) – राजपूताना के ए.जी.जी. वाल्टर ने 10 मार्च, 1888 को अजमेर में एक सम्मेलन आयोजित किया जिसमें भरतपुर, धौलपुर और बांसवाड़ा को छोड़कर कुल 41 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में लड़के और लड़कियों के विवाह की आयु निश्चित करने तथा मृत्युभोज पर खर्च नियंत्रित करने के प्रस्ताव रखे गए। जनवरी 1889 में दूसरा वाल्टर ने सम्मेलन आयोजित किया जिसमें पुराने सदस्यों में से केवल 20 की आए। सम्मेलन में इस कमेटी का नाम 'वाल्टर-कृत 'राजपूत हितकारिणी सभा' रखा गया।

489. गवर्नर जनरल बैंटिंग ने अजमेर में देशी राजाओं का दरबार कब आयोजित किया?

(a) 1832 ई. (b) 1834 ई.
(c) 1829 ई. (d) 1830 ई.

JEN Civil Diploma 21.08.2016